हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 24 मई 2026

तापमान
अधिकतम 43.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

13 अब अपराध स्थल पर ही वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने ...



13 प्रावीण्य सूची से 2 अंकों से चुकी भावना जोशी...





## खबर संक्षेप

### भक्त माता कर्मा जयंती और सम्मान समारोह आज

**सिमगा।** तहसील एवं परिक्षेत्र साहू संघ सिमगा द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को सांस्कृतिक भवन सिमगा में रखा गया है। इसमें मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव, प्रमुख अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, अति विशिष्ट अतिथि विधायक भाटापारा इन्द्र साव एवं अध्यक्षता साहू संघ के जिला अध्यक्ष सुनील साहू की उपस्थिति में होगा। कार्यक्रम को लेकर साहू समाज द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है। साथ समाज के लोगों को बड़ी संख्या में उपस्थित रहने की अपील सिमगा नगर अध्यक्ष कमलेश साहू ने की है।

### 29 पौवा शराब जब्त, दो युवक गिरफ्तार



**गिधौरी।** गिरौदपुरी चौकी पुलिस ने बिक्री के लिए शराब ले जा रहे दो युवकों को दबोचा। जांच के दौरान उनकी बाइक से 29 पौवा शराब जब्त की गई। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। गिरौदपुरी चौकी पुलिस ने बताया कि 50 वर्षीय आगरदास सोनकर और 25 वर्षीय गायत्री प्रसाद पटेल दोनों गिरौदपुरी चौकी निवासी बाइक से शराब ले जाने की सूचना प्राप्त हुई। दोनों आरोपियों को गिरौदपुरी-कौवाताल मोड के पास घेराबंदी कर रोका गया, जांच के दौरान उनकी बाइक में 2480 कीमत की 29 पौवा देशी प्लेन एवं अंग्रेजी शराब और बाइक जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जेल भेजा गया है।

### संत साईं साधराम साहब को दी गई श्रद्धांजलि



**बलौदाबाजार।** हिन्द सिंध के महान संत साईं साधराम साहब के ब्रह्मलीन होने पर सिंधी समाज में शोक व्याप्त है। उनकी पावन स्मृति में 23 मई को सिंधी गुरुद्वारा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में इंद्र कुमार पंजवानी, शंकर दुलानी, विष्णु दुलानी, अशोक माधव दास पंजवानी, अशोक मेघराज मल, चंद्रपाल परसवानी, सच्चानंद गोविंदानी, विमल गोविंदानी, ताराचंद हेमनानी, गोपाल दास हबलानी, राजेश देवनानी, कन्हैया गोविंदानी, बालमुकुंद दुलानी, तारा परसवानी, बंटी दुलानी, धर्मेंद्र दुलानी, मनीष दुलानी, राजेश नागदेव, राजेश हबलानी, अशोक रोहरा, कारा देवनानी, राजेश बलानी, राजकुमार कमलानी, सुरेश परवानी, सतीश परवानी, विजय रोहरा, विक्की दुलानी, काली पंजवानी, दीपेश पंजवानी, मनोज देवनानी, मुकेश दुलानी, अमन दुलानी, वेदा पुरुषवानी नवीन रोहरा सहित काफी संख्या में महिलाएं एवं समाजजन उपस्थित थे।



### चेन स्नैचिंग के आरोपी पकड़ने में मदद, दो सम्मानित

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व चेन स्नैचिंग कर भाग रहे बदमाश को पकड़ने में सहयोग करने वाले दो नागरिकों को पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने सम्मानित किया। पुलिस कमिश्नर ने आरोपी को पकड़ने में मदद करने वाले हिमांशु , शोभरन सिंह को सम्मानित किया है।

# खरोरा की बेटी का कमाल, कल्पना ने नेशनल कराते चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय की छात्रा कल्पना गेंडरे ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 22वीं ऑल इंडिया रेम्बुकान कराते डो चैंपियनशिप में कराते कुमिते प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। यह प्रतिष्ठित नेशनल चैंपियनशिप 10 मई को उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर से आए खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए कल्पना गेंडरे ने शानदार प्रदर्शन कर विजय हासिल की। इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय, बल्कि उनके माता-पिता एवं पूरे नगर खरोरा का नाम भी गौरवान्वित हुआ है।

### निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास सफलता का है मूल मंत्र

विद्यालय की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्राचार्य रजनी मिंज ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि कल्पना की मेहनत, अनुशासन और लगन सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी छात्रा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करेगी। वहीं विद्यालय की वरिष्ठ व्याख्याता शाहिना परवीन ने छात्रा की इस उपलब्धि पर कहा कि निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है तथा कल्पना ने यह सिद्ध कर दिखाया है।

### विद्यालय एवं नगर का बढ़ाया गौरव




### छात्रा को स्कूल प्रबंधन और क्षेत्रवासियों ने दी बधाई

विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा इस सफलता को विद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताया। विद्यालय परिवार से शिक्षकगण जिसमें संगीता नायक, रीतारानी वर्मा, रजनी त्रिपाठी, चमेली ठाकुर, जयंती साहू, अल्का मिंज, श्वेता शर्मा, तान्या भट्टाचार्य, मोंगरा साहू, नीतू यादव, प्रिया संघवी, बिजेश्वरी महिलांगे, जगदेव सिंह बंजारे, योगेंद्र त्रिपाठी, गीतांजली पान, शिवांगी निषाद, रुपशिखा साहू, निशिता दीक्षित, पारुल पांडेय, शैलजा शर्मा, पावस पटेल, अपूर्वा ओगरे, अंकृति भिड़े, नदीस साहू, अनिल कुमार ने भी छात्रा कल्पना गेंडरे को उज्ज्वल की बधाई दी।

## कार्रवाई : एक कर्मचारी पर ड्यूटी के दौरान मदिरापान का आरोप

# जनगणना कार्य में लापरवाही पर प्रशासन सख्त, तीन प्रगणक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार/ सिमगा

भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत चल रहे मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य में लापरवाही बरतने वाले प्रगणकों पर जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिले में अब तक तीन प्रगणकों को निलंबित किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड सिमगा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला तुलसी के सहायक शिक्षक अशोक वर्मा तथा विकासखंड कसडोल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला आमगांव के सहायक शिक्षक राधेश्याम दीवान को जनगणना कार्य में प्रगणक के रूप में नियुक्त किया गया था। दोनों के खिलाफ कार्य में लापरवाही की शिकायत मिलने पर जिला कार्यालय की ओर से स्पष्टीकरण जारी किया गया, लेकिन संबंधितों द्वारा जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद प्रशासन ने इसे राष्ट्रीय महत्व के समयबद्ध कार्य में घोर उपेक्षा और गंभीर कदाचार मानते हुए दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

जिला प्रशासन के अनुसार संबंधित कर्मचारियों का आचरण सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 तथा जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 5 एवं 11 के विपरीत पाया गया। तीनों कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### मकान सूचीकरण कार्य में उपेक्षा पर कलेक्टर के निर्देश से हुई कार्रवाई

#### जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेग

निलंबन अवधि में अशोक वर्मा और संजय कुमार नायक का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बलौदाबाजार तथा राधेश्याम दीवान का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय भाटापारा निर्धारित किया गया है। नियमानुसार उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।




#### औरेंठी में सहायक शिक्षक संजय कुमार निलंबित

इसी क्रम में तहसील सिमगा (ग्रामीण) अंतर्गत प्रगणक के रूप में कार्यरत शासकीय प्राथमिक शाला औरेंठी के सहायक शिक्षक संजय कुमार नायक को भी निलंबित किया गया है। उनके विरुद्ध ड्यूटी के दौरान मदिरापान कर कार्य में लापरवाही बरतने की शिकायत प्राप्त हुई थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा में कराई गई मेडिकल जांच में मदिरा सेवन की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई की।

# आबकारी विभाग ने पकड़ी, 23 हजार की शराब, लहान किया नष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के नेतृत्व में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा पर कार्रवाई करते हुए 23 हजार का देशी मदिरा मसाला जब्त किया और महुआ लाहन को नष्ट किया।

■ अलग-अलग स्थानों पर की गई कार्रवाई से कारोबारियों में मचा हड़कंप

जानकारी के अनुसार 20 मई को वृत्त पलारी में आबकारी विभाग द्वारा आरोप परदेशनिन भारती पति प्रकाश भारती 40 वर्ष साकिन भरवाडीह थाना पलारी के कब्जे से 10 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब जब्त की। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 1,000 होना पाया गया।



इसी प्रकार 21 मई को आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने सुभाष पात्रे पिता कन्हैया छोटेलाल 29 वर्ष ग्राम खपरी (R) थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के कब्जे से 30 पौवा देशी मदिरा मसाला और हेमंत कुमार पिता सुखदेव 44 वर्ष ग्राम बिटकुली के कब्जे से 40 पौवा देशी मदिरा मसाला, दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 70 पौवा देशी मदिरा मसाला जब्त किया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 7,000 होना ▶▶ शेष पेज 13 पर

# ग्रामीणों का चालान, ट्रकों पर मेहरबान यातायात पुलिस की दोहरी नीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

बलौदाबाजार-सिमगा मार्ग पर ग्राम रिसदा से ढाबाडीह तक सड़क किनारे भारी वाहनों की बेतरतीब अवैध पार्किंग ने आम जनता का जीना दूभर कर दिया है। सड़क के दोनों ओर खड़े ट्रकों की लंबी कतारें हर दिन हादसों को न्योता दे रही हैं, लेकिन यातायात विभाग की चुप्पी अब सवालों के घेरे में है।

ग्रामीणों का आरोप है कि यातायात पुलिस गांव से आने वाले गरीब और आम लोगों पर हेलमेट, तीन सवारी और छोटे-मोटे नियमों को लेकर ताबड़तोड़ चालानी कार्रवाई करती है, लेकिन सड़क घेरकर खड़े भारी वाहनों पर कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं दिखा रही।

लोगों का कहना है कि जहां एक ओर बाइक सवार ग्रामीणों को रोककर हजारों रुपए का चालान काटा जाता है, वहीं दूसरी ओर मुख्य सड़क पर घंटों और दिनों तक खड़े भारी वाहन प्रशासन को दिखाई नहीं देते। इससे साफ जाहिर होता है कि नियम केवल आम जनता के लिए हैं, जबकि रसूखदार ट्रांसपोर्टरों और सीमेंट संयंत्रों से जुड़े वाहनों को खुली छूट मिली हुई है।

स्थिति यह है कि सामने से कोई बड़ा वाहन आने पर छोटे वाहन चालकों के पास बचने तक की जगह नहीं रहती। कई बार दुर्घटना जैसी स्थिति बन चुकी है, लेकिन जिम्मेदार विभाग हादसे के इंतजार में बैठा नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने जिले के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश शर्मा से मांग की है कि सड़क पर अवैध रूप से खड़े भारी वाहनों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए।

# मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत करहीबाजार में आयोजित समाधान शिविर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से संवाद कर योजनाओं से मिल रहे लाभों की जानकारी ली।

शिविर में मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 के तहत अनेक उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत प्रदान की गई। हितग्राहियों ने बताया कि योजना से उन्हें आर्थिक राहत मिली है और लंबित बिजली बिल की चिंता काफी हद तक कम हुई है। ग्राम बिटकुली निवासी आशाराम को ▶▶ शेष पेज 13 पर

### हर वर्ग तक पहुंचाई जा रही सहायता

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य आम जनता को राहत पहुंचाना और उनकी समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान करना है। उन्होंने कहा कि सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस दौरान अधीक्षण यंत्री जीपी अनंत, भाटापारा डीई व्ही.के.राठिया मौजूद थे।

# अब घरों में 4 श्रेणियों में बांटना होगा कचरा, लापरवाही पर लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित शहर निर्माण की दिशा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर नगर पालिका परिषद द्वारा जनजागरूकता एवं जनप्रतिनिधियों की भूमिका को सशक्त बनाने विशेष मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सहित समस्त पार्षद, स्वच्छता अधिकारियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

■ स्वच्छता के लिए नगर पालिका ने बुलाई विशेष बैठक

कार्यक्रम में बताया गया कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों को प्रमुख सुविधा प्रदाता के रूप में नामित किया गया है, जिनका दायित्व प्रत्येक नागरिक को स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण एवं स्वच्छता नियमों के पालन हेतु प्रेरित करना है।



कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि अब प्रत्येक घर में गीला, सूखा, स्वास्थ्यकर एवं विशेष देखभाल अपशिष्ट हेतु अलग-अलग डिब्बों का उपयोग अनिवार्य किया गया है। मिश्रित कचरा देने पर प्रदूषण फैलाने वाले द्वारा भुगतान का सिद्धांत के अंतर्गत दंडात्मक प्रावधान भी लागू किए जाएंगे।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि नगर की स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही स्वच्छ भाटापारा का सपना साकार होगा। उन्होंने सभी वार्डों में जनजागरूकता अभियान चलाने, घर-घर संपर्क कर 4-श्रेणी कचरा पृथक्करण की जानकारी देने तथा नागरिकों को स्वच्छता आंदोलन से जोड़ने का आह्वान किया।

## अब घटना स्थल पर तत्काल पहुंचेगी फॉरेंसिक टीम

# जिले को मिली हाईटेक मोबाइल फोरेंसिक वैन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिला पुलिस को गंभीर अपराधों, मर्ग एवं विभिन्न प्रकरणों की जांच को अधिक प्रभावी और तेज बनाने के लिए अत्याधुनिक फॉरेंसिक मोबाइल वैन प्रदान की गई है। यह वैन एक चलता-फिरता वैज्ञानिक प्रयोगशाला (मोबाइल लैब) के रूप में कार्य करेगी। इस नई तकनीक के आने से अब फॉरेंसिक टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंचेगी।

23 मई को पुलिस लाइन बलौदाबाजार में पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा द्वारा मोबाइल फोरेंसिक वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त मोबाइल फोरेंसिक वैन एक चलते-फिरते वैज्ञानिक प्रयोगशाला के रूप में कार्य करेगी। जघन्य अपराधों, विभिन्न प्रकरणों में त्वरित वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन सुनिश्चित करेगी, जो अपराधियों को त्वरित सजा दिलाने में मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम में अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, वैज्ञानिक अधिकारी राजीव कुमार, रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर, निरीक्षक प्रणाली वैद्य प्रभारी साइबर सेल सही पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।








मा. श्री अरूण साव जी
उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन

मा. श्री ताम्रध्वज साहू जी
पूर्व गृहमंत्री छत्तीसगढ़ शासन

मा. श्री चन्द्रशेखर (गोलू) साहू जी

मा. श्री बाबूलाल साहू जी

मा. श्री सुनील साहू जी
अध्यक्ष जिला साहू संघ बलौदाबाजार

मा. श्री इन्द्र साव जी
विधायक भाटापारा

# भक्त माता कर्मा जयंती एवं सम्मान समारोह सिमगा में पधार रहे समस्त अतिथियों का स्वागत... वंदन... अभिनंदन...

## तहसील एवं परिक्षेत्र साहू संघ सिमगा के तत्वाधान में संत शिरोमणी भक्त माता कर्मा जयंती एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम के

**अति विशिष्ट अतिथीगण**

मान. श्री सत्यप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष, छ.ग. प्रदेश साहू संघ
मान. श्री रेवाराम साहू, सदस्य न्याय प्रकोष्ठ छ.ग. प्रदेश साहू संघ
मान. श्री दीनदयाल साहू, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य जिला साहू संघ बलौदाबाजार-भाटापारा
मान. श्री हरदीप सिंह भाटिया, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सिमगा
मान. श्री राजा राम साहू, उपाध्यक्ष जिला साहू संघ बलौदाबाजार-भाटापारा
मान. श्रीमती संध्या साहू, उपाध्यक्ष जिला साहू संघ बलौदाबाजार-भाटापारा
मान. श्री सुशील साहू, संगठन सचिव जिला साहू संघ बलौदाबाजार-भाटापारा
मान. श्रीमती अनुपा साहू, संगठन सचिव जिला साहू संघ बलौदाबाजार-भाटापारा
मान. श्री जीतराम साहू, पूर्व तहसील अध्यक्ष, सिमगा
मान. श्री बाबूलाल साहू, पूर्व तहसील अध्यक्ष, सिमगा
मान. श्री रामबिलास साहू, प्रदेश अध्यक्ष, गौ सेवा संघ छ.ग.

**मुख्य अतिथि** - मान. श्री अरूण साव जी, उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
**प्रमुख अतिथि** - मान. श्री ताम्रध्वज साहू जी, पूर्व गृहमंत्री छ.ग. शासन
**अतिविशिष्ट अतिथि** - मान. श्री इन्द्र साव जी, विधायक भाटापारा
**अध्यक्षता** - मान. श्री सुनील साहू जी, अध्यक्ष जिला साहू संघ बलौदाबाजार-भाटापारा

**विशेष अतिथीगण**

मान. श्री सुरेश साहू, जनपद सदस्य दामाखेड़ा
मान. श्रीमती हेमिन चंद्रशेखर साहू, जनपद सदस्य कामता
मान. श्रीमती नर्मदा जीवन साहू, जनपद सदस्य केशली
मान. श्रीमती रेखा रिखीराम साहू, जनपद सदस्य दरचुरा

**कार्यक्रम** - 24 मई 2026, रविवार, कलश यात्रा - प्रात: 10 बजे,
अतिथि आगमन - दोप. 01 बजे, स्थान - सांस्कृतिक भवन तिल्दा रोड, सिमगा

**विनीत**

रामनाथ साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ सिमगा
कमलेश साहू, अध्यक्ष सिमगा नगर परिक्षेत्र
शेषनारायण साहू, अध्यक्ष ग्रामीण परिक्षेत्र
कुंजराम साहू, अध्यक्ष हथबंद परिक्षेत्र
मानधाता साहू, अध्यक्ष कबीरधर्मनगर दामाखेड़ा परिक्षेत्र
सुशील साहू, अध्यक्ष लक्ष्मणा परिक्षेत्र
एवं समस्त तहसील साहू संघ परिक्षेत्र एवं ग्रामीण साहू संघ सिमगा।




राकेश श्रीवास
कुणाल श्रीवास

संकलनकर्ता : राकेश श्रीवास, सिमगा, मो. 930069088, 9589914433, कुणाल श्रीवास

## खबर संक्षेप





### संयंत्र में बैटरी हैंडलिंग अवेयरनेस प्रोग्राम हुआ

**बलौदाबाजार।** अल्ट्राटेक रावन माइंस टीम द्वारा बैटरी सुरक्षा एवं सुरक्षित संचालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैटरी हैंडलिंग अवेयरनेस प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन दिनेश दत्ता एसएच, गुमा माइंस एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अमिया पात्रा लॉजिस्टिक्स के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को बैटरी से संबंधित संभावित जोखिमों एवं उनके सुरक्षित प्रबंधन के बारे में जागरूक किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने कार्यक्रम को उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर लॉजिस्टिक्स विभाग से विकास राय चौधरी, प्रकाश कुमार जेना, युगल किशोर शर्मा, अभिषेक बाजपेयी, अगणित ठाकुर, परमेश्वर साहू, विजय वर्मा, भारत भूषण साहू एवं कृष्णा साहू उपस्थित थे।

### गैर-वंशज को कोटवार नियुक्त करने का संघ ने किया विरोध कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**गोपालपुर।** कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ सारंगढ़ की जिला स्तरीय बैठक हुई। इसमें कोसीर तहसील के पूर्व कोटवार के निधन पर वंशज को नियुक्त न कर गैर वंशज को नियुक्त करने पर सभी जिला स्तरीय कोटवार संघ ने आपत्ति दर्ज की है। उन्होंने उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए कहा कि हम लोग अंग्रेज ब्रिटिश काल से सेवा देते आ रहे हैं। इस कारण से कोटवार के वंशज कोटवार के पद में नियुक्त करने की मांग की है। जिला स्तर के सभी कोटवार ने कलेक्टर से इस समस्या को अवगत कराया। इसमें शंकर दास सरंक्षक बिलाईगढ़, धनीराम अध्यक्ष सारंगढ़, नौतम दास मानिकपुरी सचिव सरसीवां, गीरधारी चौहान उपाध्यक्ष बरमकेला, कीर्तन दास कोषाध्यक्ष, अलेक कुमार चौहान सह सचिव डोगरीपाली, मनहरण दास अध्यक्ष बिलाईगढ़, पवन दास महंत सचिव, जीतू राम चौहान सरसीवां, दुबराज दास बरमकेला, सुधना दास, झाड़ू राम, श्रवण कुमार शामिल हैं।

# अब अपराध स्थल पर ही वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने की मिली सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

जिले में कानून व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक परिसर में आज मोबाइल फॉरेंसिक वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व ही डायल 112 के 10 नए वाहनों का भी शुभारंभ किया गया है, जिन्हें जिले के सभी थानों और चौकियों में तैनात कर दिया गया है।इस दौरान कार्यक्रम में जिला कलेक्टर पद्मिनी भोय साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे सहित जिला अभियोजन अधिकारीगण, फॉरेंसिक विभाग, अधिवक्ता संघ के सदस्य और पत्रकार गण उपस्थित रहे। इस मोबाइल फॉरेंसिक वैन में रक्त नमूना परीक्षण किट, डिजिटल साक्ष्य संग्रहण उपकरण, सीसीटीवी दृश्य सामग्री (फुटेज) निकालने की प्रणाली, उच्च क्षमता वाले लैपटॉप कंप्यूटर तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए जनरेटर लगाया गया है। साथ ही, रात्रि के समय साक्ष्यों को सुरक्षित और रिकॉर्ड करने के लिए इसमें उच्च क्षमता वाले (हाई-रेसोलुसन) कैमरे स्थापित किए गए हैं।

जिले में इस वैन का शुभारंभ होने से आपातकालीन सेवाओं के साथ-साथ फॉरेंसिक विशेषज्ञ त्वरित रूप से अपराध स्थल पर पहुंचकर वैज्ञानिक साक्ष्यों को नष्ट होने से बचा सकेंगे। इसके माध्यम से जैविक और डिजिटल नमूनों की प्राथमिक जांच मौके पर ही की जा सकेगी, जिससे न्यायालय में साक्ष्य प्रस्तुत करने की प्रक्रिया और अधिक तेज व प्रभावी होगी।

### जिले में मोबाइल फॉरेंसिक वाहन का शुभारंभ

#### मौके पर ही होगा साक्ष्य संग्रहण

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय भूषण पांडे ने कहा कि वर्तमान समय में अपराध के तौर-तरीके बदल गए हैं, इसलिए शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली में भी काफी आधुनिक बदलाव आया है। पहले छोटे-छोटे फॉरेंसिक साक्ष्यों की जांच के लिए रायपुर या बिलासपुर जाना पड़ता था, परंतु अब घटना घटित होने के तुरंत बाद मौके पर ही साक्ष्य संग्रहण कर लिया जाएगा।



#### न्यायिक प्रक्रिया में और तेजी आएगी

वही कलेक्टर पद्मिनी भोय साहू ने बताया कि अक्सर न्याय में देरी होने का मुख्य कारण जांच में विलंब होना और रिपोर्ट का सही समय पर न मिल पाना होता है। अब इस फॉरेंसिक वाहन की उपलब्धता से जांच प्रक्रिया में गति आएगी और न्यायिक प्रक्रिया और तेज होगी। इस कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पाण्डेय, उप पुलिस अधीक्षक संतोषी ग्रेस, एसडीओपी स्नेहिल साहू, रक्षित निरीक्षक जितेंद्र कुमार चंद्रा और पुलिस विभाग के समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे

### बारनवापारा में 'इन टू द वाइल्ड' समर कैंप 2026 का समापन

# देवपुर में समर कैंप का समापन बच्चों ने प्रकृति का आनंद लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार/ कसडोल

समर कैंप 2026 इन टू द वाइल्ड का शुक्रवार को बारनवापारा अभ्यारण्य अंतर्गत देवपुर नेचर कैंप में समापन हुआ। 16 से 22 मई तक आयोजित इस विशेष समर कैंप में बच्चों को किताबों से बाहर निकालकर प्रकृति के बीच सीखने, समझने और अनुभव प्राप्त करने का अवसर दिया गया।

इस समर कैंप में वन विभाग के स्टॉफ के बच्चों सहित 65 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि मध्य प्रदेश से भी प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पूरे कैंप के दौरान बच्चों ने प्रकृति के बीच रहकर सीखने, रोमांचक गतिविधियों में भाग लेने और नए अनुभवों को आत्मसात करने का अवसर प्राप्त किया, जिसे सभी प्रतिभागियों ने बेहद आनंददायक और यादगार बताया।





कैंप के दौरान बच्चों को प्रतिदिन सुबह जंगल ट्रेक एवं बर्डिंग गतिविधियों के लिए ले जाया जाता था, जहां उन्होंने पक्षियों की पहचान, जंगल की संरचना और वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास को करीब से समझा। इसके साथ ही बच्चों के लिए प्रकृति से जुड़ी रोचक गेम्स, टेंट कैंपिंग, आउटडोर एवं रचनात्मक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं, जिससे उनमें टीम भावना, आत्मविश्वास और प्रकृति के प्रति जुड़ाव विकसित हुआ।

# यादव प्रीमियर लीग का आगाज 40 टीमें दिखा रही हैं दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



नगर पंचायत के खेल स्टेडियम में खेल उत्साह, जोश और उमंग के साथ यादव प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिले भर से 40 टीमों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। स्टेडियम में खिलाड़ियों व दर्शकों की उत्साह खेल में रोमांच ला दिया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर सर्व यादव समाज प्रांताध्यक्ष रमेश यदु ने कहा कि खेल केवल जीत और हार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और संघर्ष करना सिखाता है। उन्होंने युवाओं से खेलों के प्रति अधिक रुचि लेने की अपील करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकजुटता और प्रतिभा को नई दिशा प्रदान करते हैं।

■ दिग्गजों ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

जिलाध्यक्ष संतोष यदु ने कहा कि समाज के खिलाड़ियों को एक मंच देने और उनकी प्रतिभा को पहचान दिलाने के उद्देश्य से इस तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। खेलों से समाज और युवाओं में नई ऊर्जा का संचार होता है। जनपद अध्यक्ष बलौदाबाजार सुलोचना यादव ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल हमें अनुशासन, धैर्य और टीम भावना का पाठ पढ़ाता है तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा की ओर अग्रसर करता है।जनपद अध्यक्ष पलारी सविता भीम यादव ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवाओं के विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने कहा यादव समाज में इस प्रकार का आयोजन प्रेरणा देने वाला है इससे युवाओं में समाज के प्रति समर्पण बढ़ेगा।

# प्रावीण्य सूची से 2 अंकों से चुकी भावना जोशी का विधायक ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी की छात्रा भावना जोशी ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल परीक्षा में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा शिक्षक रामजी निषाद ने बताया कि भावना जोशी मात्र दो अंकों से राज्य की प्राविण्यता सूची (टॉप-10) में स्थान बनाने से चूक गईं, फिर भी उनकी उपलब्धि विद्यालय, परिवार और क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। ग्राम परसदा कनकी में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान विधायक अनुज शर्मा द्वारा दोनों प्रतिभावान छात्राओं का सम्मान कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य सीमा मिश्रा, व्याख्याता ए.के. कोशले, सरला दीवान, पीतांबर वर्मा, विजयलक्ष्मी वर्मा, ए. टंडन, श्वेता त्रिपाठी, ठाकुर मैडम, सविता उष्या, अंजू मरकाम, सत्यम सिंह, पुष्कर साहू सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य सीमा मिश्रा ने कहा कि दोनों छात्राओं की मेहनत और अनुशासन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर.पी. दास, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एल.के. जाहिरे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक देवेंद्र सिंह ठाकुर तथा विकासखंड मीडिया प्रभारी धीरेंद्र कुमार वर्मा ने भी छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### राष्ट्रीय स्तर पर गतका स्पर्धा की विजेता दो छात्राओं को दी गई 15-15 हजार की प्रोत्साहन राशि



**कटगी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटगी की दो छात्रा पलक व दिव्या ने खेल के क्षेत्र में गांव और जिले का नाम रोशन किया है। गतका खेल में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर दोनों छात्राओं को सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार पलक परवीन पिता आदम खान एवं दिव्या केवट पिता पदूम केवट ने लुधियाना, पंजाब में आयोजित राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। दोनों छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की थी।इसी उपलब्धि पर 18 मई को बलौदाबाजार में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दोनों छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पलक परवीन और दिव्या केवट को 15-15 हजार की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया। सम्मान पाकर दोनों छात्राओं में खुशी का माहौल है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का सिमगा में ऐतिहासिक स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



नगर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का सिमगा मंडल द्वारा स्वागत किया गया। किसान नेता अनिल पांडे एवं मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी एवं 45 डिग्री तापमान में भी भाजपा युवा मोर्चा एवं समस्त कार्यकर्ताओं का उत्साह यह दर्शाता है कि भाजपा राष्ट्रहित के लिए समर्पित संगठन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर संकट का मजबूती से सामना कर रहा है। प्रदेश में डीजल, पेट्रोल एवं गैस की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है इसलिए किसी भी अफवाह में आने की आवश्यकता नहीं है। हम सभी को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कंधे से कंधा मिलाकर चलना है। कार्यक्रम में किसान नेता अनिल पांडे ने कहा कि अल्प सूचना में इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं ने जो उत्साह दिखाया है वह भाजपा संगठन की ताकत को दर्शाता है। आभार प्रदर्शन भाजपा सिमगा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर मंडल महामंत्री छोटू यादव, योगेश साहू, जिला उपाध्यक्ष सुनील यादव, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश शर्मा, जिला महामंत्री सतीश सोनी, शिवधारी देवांगन, उपाध्यक्ष नगर पालिका विकास सोनकर, पार्षद टैबू देवांगन, जनपद उपाध्याक्ष गोपाल शुक्ला पार्षद प्रतिनिधि अनूप तिवारी, पार्षद मुकुंद रजक, पीताम्बर सोनकर, अभिषेक साहू, परस पाटकर, नारायण निषाद, दिनु निषाद, आनंद बंजारे, चंद्रमणि साहू, हेमलाल कुरै, युवा मोर्चा जिला मंत्री गगन शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### आबकारी विभाग ने ...

पाया गया। 23 मई को वृत्त कसडोल में आबकारी विभाग द्वारा आरोपी बहादुर पिता बहोरन 65 वर्ष साकिन महकम चौकी सोनाखान के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। महुआ शराब का बाजार मूल्य 3,000 होना पाया गया और 200 किलो महुआ लाहन जब्त किया। महुआ लाहन का बाजार मूल्य 12,000 होना पाया गया। सभी आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) 59 (क) का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया।

### मुख्यमंत्री बिजली बिल

11 हजार 625 रुपये, बाबूलाल को 14 हजार 922 रुपये, जगदीश को 9 हजार 832 रुपये, बुधयारिन को 8 हजार 467 रुपये तथा चोवाराम को 13 हजार 325 रुपये की छूट प्राप्त हुई। हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान बताया कि पहले बढ़े हुए बिजली बिल के कारण आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता था, लेकिन मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना से उन्हें बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि अब वे बिना किसी अतिरिक्त बोझ के नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान कर पा रहे हैं।हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी सहायता साबित हो रही है।

# नपं अध्यक्ष ने किया वेलकम साइन बोर्ड और फाउंटेन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल






नगर पंचायत कसडोल अंतर्गत विभिन्न चौक चैराहों के सौंदरीकरण एवं विकास को नई पहचान देने की दिशा में अध्यक्ष निधि अंतर्गत कर्मा माता चौक एवं गुरु घासीदास चौक में वेलकम साइन बोर्ड का शुभारंभ अध्यक्ष नागेश्वर साहू द्वारा किया गया। यह पहल नगर की सुंदरता को बढ़ाने के साथ-साथ कसडोल की सांस्कृतिक पहचान एवं गौरव को भी नई ऊंचाई प्रदान करेगी। नगरवासियों के लिए यह स्थल आकर्षण का केंद्र बनेगा तथा आने वाले समय में कसडोल की नई पहचान के रूप में स्थापित होगा।

नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि कसडोल नगर के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं आकर्षक बनाने हेतु आगे भी विभिन्न विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा, जिससे नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और कसडोल की पहचान पूरे क्षेत्र में और अधिक मजबूत हो। आपका स्नेह एवं आशीर्वाद सदैव नगर के विकास कार्यों को नई ऊर्जा प्रदान करता रहेगा।

इस अवसर पर नगर पंचायत कसडोल के सभापति रामा धीवर, नगर साहू संघ के अध्यक्ष गुनीराम साहू, पूर्व सचिव गोपाल साहू , कर्मा माता मंदिर के पुजारी संतोष साहू, युवा साथी भीखम जायसवाल, रथराम साहू, योगेश निषाद, टिकेश्वर वर्मा, मिथलेश साह सहित जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नगर के गणमान्य नागरिक, युवा साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे तथा सभी ने नगर के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की सराहना की ।

# साईं साधराम साहेब का देवलोकगमन आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति : साव



**भाटापारा।** सिंधु सेवा समिति द्वारा दिवंगत संत साईं साधराम साहेब की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में विधायक इन्द्र साव शामिल हुए। विधायक साव ने सतराम धाम पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा पूज्य साईं साधराम साहेब हमारे बीच नहीं रहे, उनके निधन से पूरे समाज, मानवता और आध्यात्मिक जगत की अपूर्णीय क्षति है। साईं साधराम साहेब का पूरा जीवन सेवा, प्रेम, भाईचारे और मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने हमेशा लोगों को सत्य, करुणा और सद्भाव का मार्ग दिखाया। आध्यात्मिक गुरु के देवलोकगमन पर श्री साव ने उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि सभा में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार एवं भक्तजनों को इस दुःख को सहन करने ईश्वर से प्रार्थना की। इस श्रद्धांजलि सभा में गोपीचंद परपियानी, निर्मल दवानी, योगेश मंघाणी, डॉ. वासुदेव ठाकुर, कैलाश बलानी, राजेश छाबड़िया, अनिल रोचलानी, रोशन हबलानी, अजीत थरानी, रितु बलानी, महेश चंदानी, बिरादरी पंचायत के अध्यक्ष महेश गुरयानी, राजकुमार शर्मा, शरद भृगु, नानू सोनी, सुरेश गोदवानी, पवन सबलानी, भारत कचवानी, रामचंद्र परपियानी, जयपाल ठाकुर, नंदू तनवानी, नरेंद्र पूसी, नितिन भोजवानी, अनिल जसवानी, राहुल वधवानी सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# मुक्तिधाम का होगा कायाकल्प, 48.08 लाख की मंजूरी मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर पंचायत कसडोल के वार्ड क्रमांक 6 अंतर्गत मेन रोड स्थित मुक्तिधाम का शीघ्र कायाकल्प किया जाएगा। इसके लिए नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू की पहल से 48.08 लाख की स्वीकृति मिली है। अब जर्जर हो चुके शववाहन शेड एवं प्रतीक्षालय के पुनर्निर्माण से क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।मुक्तिधाम को सुविधाजनक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए अध्यक्ष ने



इस कार्य को अपने चुनावी वादों में शामिल किया था। उन्होंने वर्ष 2025-26 के नगर पंचायत बजट में भी इस कार्य को प्राथमिकता से शामिल किया था। उनके अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप यह स्वीकृति प्राप्त हुई है।

मुक्तिधाम के कायाकल्प हेतु राशि स्वीकृत होने पर नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि कसडोल नगरवासियों को गर्मी, बरसात एवं ठंड के समय होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए यह कार्य स्वीकृत कराया गया है। हमारा प्रयास है कि शोक कार्यक्रम में शामिल होने वाले नागरिकों को शांत, स्वच्छ एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध हो सके।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना
सस्ती नहीं
मुफ्त बिजली
की ओर बढ़ता
छत्तीसगढ़
छ.ग. में ऑन-ग्रिड सिस्टम स्थापना की
प्रारंभिक कंपनियों में से एक
सरकार द्वारा 108000 अनुदान राशि
सुपर प्रीमियम क्वालिटी
क्या आपका सोलर स्ट्रक्चर 25 साल चलेगा...!
आईये हम देते हैं 25 साल चलने वाला सोलर स्ट्रक्चर
खूबियाँ :-
उच्च दक्षता वाला पैनल एवं इन्वर्टर
4-5 एमएम मोटाई वाला एमएस हॉट डीप स्ट्रक्चर
एसी-डीसी कॉपर केबलिंग प्रीमियम क्वालिटी ब्राण्ड के साथ
उच्च गुणवत्ता वाले एचएमएस पीवीसी पाइप एवं एसएस नट-बोल्ट
5 साल की इंश्योरेंस पॉलिसी सुविधा उपलब्ध
सोलर में 5% की अतिरिक्त छूट*
*ऑफर 31 मई तक लागू
adani Solar
HAVELLS
WAAREE
LUMINOUS SOLAR
TATA POWER SOLAROOF
RAREBOX SOLAR
ATUL PUBLICITY
Opp. SBI ATM, Ashwani Nagar, Raipur (C.G.) 9630131550, 9039015615